भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 787
गुरूवार, 8 फरवरी, 2024/19 माघ, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

स्वदेश दर्शन योजना के तहत थीम आधारित पर्यटक सर्किट

787 श्री रविचंद्र वद्दीराजू:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तेलंगाना राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत एकीकृत विकास के लिए कितने थीम-आधारित पर्यटक सर्किट चुने गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि उक्त योजना के तहत राज्यों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है; और

(घ) यदि हां, तो तेलंगाना राज्य में पर्यटक सर्किटों के एकीकृत विकास के लिए कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है और ऐसे सर्किटों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत देश में पर्यटन सुविधाओं/अवसंरचना के संवर्धन हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। मंत्रालय ने उक्त योजना के तहत तेलंगाना राज्य में इको, जनजातीय और विरासत परिपथ थीमों के अंतर्गत 03 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है जिसका विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। इन परियोजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत किए गए कार्यों में पर्यटन सुविधा केंद्र, पार्किंग विकास, सोलर लाइटिंग, लॉग हट्स, कैफेटेरिया, वॉच टॉवर, इको ट्रेल्स् यथा हाइकिंग, ट्रेकिंग, साइकिलिंग आदि जैसी पर्यटन अवसंरचना के विकास से संबंधित घटक शामिल हैं।

पर्यटन मंत्रालय ने गंतव्य तथा पर्यटक केंद्रित दृष्टिकोण अपनाते हुए स्थायी और जिम्मेदार पर्यटक गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है और एसडी 2.0 के तहत विकास के लिए तेलंगाना राज्य में 'भोनगिर' और 'अनंतगिरी' को अधिसूचित किया है।

*****

अनुबंध

श्री रविचंद्र वद्दीराजू द्वारा स्वदेश दर्शन योजना के तहत थीम आधारित पर्यटक सर्किट के संबंध में दिनांक 08.02.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 787 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना के तहत तेलंगाना में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ / स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**उपयोग के लिए निर्मुक्त / प्राधिकृत राशि**
1	इको परिपथ / 2015-16	महबूबनगर जिला में इको पर्यटन परिपथ का विकास	91.62	91.25
2	जनजातीय परिपथ / 2016-17	मुलुगु - लक्नावरम - मेदावरम - तडवई - दमारावी - मल्लौर - बोगाथा झरनों का विकास।	79.87	79.87
3	विरासत परिपथ / 2017-18	कुतुब शाही हेरिटेज पार्क - पैगाह मकबरा - हयात बक्शी मस्जिद - रेमंड का मकबरा का विकास	96.90	70.61

*****